गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

31 मार्च, 2022

प्रबंधक **लिस्टिंग विभाग** **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड** एक्सचेंज प्लाजा सी/1, ब्लॉक जी, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051, महाराष्ट्र	प्रबंधक निगमित सेवाएं विभाग बीएसई लिमिटेड 25वीं मंजिल, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 महाराष्ट्र
एनएसई कोड : गेल	**बीएसई कोड :** 532155

महोदय/महोदया,

विषय: 31 मार्च, 2022 को आयोजित गेल (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") के निदेशक मंडल ("निदेशक मंडल" / "बोर्ड") की बैठक का परिणाम

हमारी सूचना दिनांक 25 मार्च, 2022 और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसार यथा संशोधित, ("सूचीकरण विनियम"), कृपया ध्यान दें कि कंपनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 31 मार्च, 2022 को संपन्न हुई अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित को अनुमोदन प्रदान किया है :

1. **<u>कंपनी के प्रत्येक 10/- रुपये अंकित मूल्य के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों का वापसी-क्रय</u>**

प्रत्येक 10/- रुपये अंकित मूल्य के 5,69,85,463 (पांच करोड़ उनहत्तर लाख पचासी हजार चार सौ तिरसठ) से अनधिक की पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों की वापसी-क्रय (कंपनी की पूर्ण प्रदत्त शेयर पूंजी में पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों की कुल संख्या का 1.28% का प्रतिनिधित्व) हेतु प्रति इक्विटी शेयर 190/- रु. (एक सौ नब्बे रुपए मात्र) के मूल्य पर ('वापसी-क्रय प्रस्ताव मूल्य') जो कुल प्रतिफल के लिए नकद रूप में देय है तथा 1082,72,37,970 रुपए (एक हजार बयासी करोड़ बहत्तर लाख सैंतीस हजार नौ सौ सत्तर रुपए मात्र) ("वापसी-क्रय प्रस्ताव साइज") रुपये से अधिक नहीं है, जो 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वितीय विवरण (वापसी-क्रय के प्रस्ताव को सिफारिश करने के लिए संपन्न बोर्ड बैठक की तिथि को उपलब्ध गत लेखापरीक्षित और समेकित वित्तीय विवरण) के अनुसार कुल पूर्ण-प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी और फ्री-रिजर्व क्रमश: 2.20% और 2.22% का प्रतिनिधित्व करता है और अन्य सभी लागू वैधानिक अनुमोदनों के अधीन भारतीय

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का वापसी-क्रय) विनियम, 2018, यथा संशोधित ("वापसी-क्रय विनियम") (इसके पश्चात "वापसी-क्रय" के रूप में उल्लिखित) के अनुसार निविदा प्रस्ताव के माध्यम से आनुपातिक आधार पर रिकार्ड तिथि के अनुरूप कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी के सभी इक्विटी शेयरधारकों से निदेशक मंडल के अनुमोदन के अंतर्गत पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी और फ्री रिजर्व के कुल 10% (दस प्रतिशत) की वैधानिक सीमा के भीतर है। वापसी-क्रय प्रस्ताव सीमा में वापसी-क्रय जैसे कि भारतीय प्रतिभूति ओर विनिमय बोर्ड को देय शुल्क, परामर्शदाता शुल्क, सार्वजनिक घोषणा प्रकाशन व्यय, छपाई, प्रेषण व्यय, अन्य बातों के साथ-साथ वापसी-क्रय कर सहित लागू कर, प्रतिभूति लेनदेन कर, माल और सेवा कर, स्टाम्प शुल्क और अन्य आकस्मिक एवं संबंधित व्यय के लिए किए गए अथवा किए जाने वाले कोई भी व्यय शामिल नहीं है ।

प्रक्रिया, समय-सीमा और अन्य अपेक्षित विवरणों को निर्धारित करने वाली सार्वजनिक घोषणा वापसी-क्रय विनियमों के अनुसार नियत समय में जारी की जाएगी।

शुक्रवार, 25 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार कंपनी का पूर्व-वापसी-क्रय शेयरधारिता पैटर्न इस पत्र के अनुलग्नक-क के रूप में संलग्न है।

2. <u>वापसी-क्रय के लिए रिकॉर्ड तिथि</u>

लिस्टिंग विनियमों के विनियम 42(2) के अनुसार, यह भी अधिसूचित किया जाता है कि कंपनी ने इक्विटी शेयरों की वापसी-क्रय के लिए शेयरधारकों की पात्रता का पता लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022 को रिकॉर्ड तिथि के रूप में निर्धारित किया है।

बोर्ड की बैठक सुबह 10:00 बजे शुरू हुई और संपन्न की गई ।
आपसे अनुरोध है कि कृपया इसे नोट कर लें ।

धन्यवाद,

भवदीय,

गेल (इंडिया) लिमिटेड के लिए

(ए.के. झा)

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

अनुलग्नक-क

क्र. सं.	शेयरधारकों की श्रेणी	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की सं.	शेयरधारिता का %
1	प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह			
	भारतीय:			
	a) भारत के राष्ट्रपति	2	2284590082	51.45
	b) विदेशी			
	उप योग (1)	**2**	**2284590082**	**51.45**
2	सावर्जनकि			
	म्युचुअल फंड	29	402732317	9.07
	वैकल्पिक निवेश कोश	3	61561	0.00
	विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफआईआई सहित)	703	860311418	19.37
	वित्तीय संस्थान/बैंक	10	3723557	0.08
	बीमा कंपनियां	28	291320187	6.56
	केन्द्र सरकार/राज्य सरकार(रें)	6	349633296	7.87
	एकल	705820	174916422	3.94
	हिंदू अविभाजित परिवार			0.00
	गैर-निवासी भारतीय	9345	7972150	0.18
	आरबीआई के साथ पंजीकृत एनबीएफसी	3	18284	0.00
	समोशोधन सदस्य			
	अन्य निगमित निकाय	1567	34832724	0.78
	विदेशी			
	को-ऑपरेटिव सोसाइटिज़	1	700	0.00
	आईईपीएफ	1	244152	0.01
	ट्रस्ट	38	338203	0.01
	उप योग (2)	**717554**	**2126104971**	**47.88**
3	गैर प्रवर्तक – गैर पब्लिक	1	29690172	0.67
	उप योग (3)	1	29690172	0.67
	योग (1+2+3)	**717557**	**4440385225**	**100.00**